**11014/7/2019- समन्वय**
**भारत सरकार**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**
**(समन्वय प्रभाग)**
****

#10, श्रम शक्ति भवन
रफी मार्ग, नई दिल्ली - 110001
दिनांक: 8 मई, 2023

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय से संबंधित मासिक सारांश।**

मुझे मार्च, 2023 माह के महत्वपूर्ण कार्यकलापों का मासिक सारांश (अंग्रेजी और हिंदी में) सूचनार्थ अग्रेपित करने का निदेश दिया गया है।

संलग्नक: यथोक्त

शंकर पंडित

(शंकर पंडित)
अवर सचिव, भारत सरकर

सेवा में :-
भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग

प्रतिलिपि सूचनार्थ:-
मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली -110001

मार्च, 2023 माह के दौरान मंत्रालय की कुछ प्रमुख उपलब्धियां/पहलें नीचे दी गई हैं:

2. कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने 2 मार्च, 2023 को "मेगा ट्रेंड्स शेपिंग फ्यूचर ऑफ़ वर्क" विषय पर एक **जी20 वेबिनार का आयोजन किया**, जो आगामी तीसरे शिक्षा कार्य समूह को बढ़ावा देने के लिए था, जिसकी बैठक दिनांक 24 से 27 अप्रैल 2023 तक है। यह वेबिनार भुवनेश्वर में एजुकेशन वर्किंग ग्रुप मीटिंग (ईडबल्यूजी) से पहले होने वाले कई आयोजनों में से पहला है। चर्चा और विचार-विमर्श-जनसांख्यिकीय और सामाजिक प्रवृत्ति, पर्यावरण प्रवृत्ति और प्रौद्योगिकी प्रवृत्ति के लिए तीन-सत्र आयोजित किए गए। यह सत्र कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, बहु-पीढ़ी के कार्यबल के लाभों से लाभान्वित होने और परिपक्व अर्थव्यवस्था की क्षमता पर बल देने से संबंधित मुद्दों पर केंद्रित था। इसमें देशों के भीतर और बाहर कौशल के प्रभाव, जलवायु संकट के आलोक में रोजगार, हरित ऊर्जा के क्षेत्र में जॉब के आगमन और कमजोर क्षेत्रों का समर्थन करने से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

3. सुश्री एल इज़ा मोहम्मदौ, प्रमुख, आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) कौशल केंद्र, श्री अतुल कुमार तिवारी, सचिव, एमएसडीई, और श्री कृष्ण कुमार द्विवेदी, संयुक्त सचिव, एमएसडीई सहित एक विशिष्ट पैनल ने वेबिनार में भाग लिया।

4. आगामी भुवनेश्वर में होने वाली तीसरी G20 एजुकेशन वर्किंग ग्रुप मीटिंग से पहले 21 मार्च, 2023 को "फाउंडेशनल स्किल्स एंड लाइफ़लॉन्ग लर्निंग इन कॉन्टेक्स्ट ऑफ़ फ्यूचर ऑफ़ वर्क" विषय पर दूसरा वेबिनार आयोजित किया गया। इस वेबिनार में श्री अतुल कुमार तिवारी, सचिव, एमएसडीई; श्री संजय कुमार, सचिव, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, श्री निर्मलजीत सिंह कलसी, अध्यक्ष, राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी), डॉ कृष्ण कुमार द्विवेदी, संयुक्त सचिव, एमएसडीई; और डॉ मनीष मिश्रा, कार्यकारी उपाध्यक्ष- कार्यनीति, एनएसडीसी कौशल इकोसिस्टम और उद्योग विशेषज्ञों में प्रमुख हितधारकों सहित एक प्रतिष्ठित पैनल ने भाग लिया। वेबिनार ने इस विषय में चर्चा करने के लिए एक विशेष मंच प्रदान किया कि कैसे युवा क्षमता में सुधार किया जाए और युगांतकारी प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करके आजीवन पठन-पाठन को प्रोत्साहित किया जाए ताकि वे काम के भविष्य की लगातार बदलती प्रकृति के अनुकूल हो सकें।

5. **स्किल हब पोर्टल का शुभारंभ:** श्री राजीव चंद्रशेखर, माननीय केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री और आईटी राज्य मंत्री ने देश के भारतीय युवाओं को उद्योग से संबंधित रोजगार कौशल प्रदान करने के लिए सरकार की पहल की शुरुआत की और 27 मार्च, 2023 को स्किल हब पोर्टल प्रारम्भ किया। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को स्किल इंडिया नेटवर्क का भाग बनना चाहिए और देश भर में कौशल प्रशिक्षण तक सुगमता से पहुंच सुनिश्चित करना चाहिए।

**6. प्रधान मंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला (पीएमएनएएम)** : राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों को सलाह दी गई है कि वे प्रत्येक दूसरे सोमवार को राज्य के कुल जिलों के एक तिहाई हिस्से में पीएमएनएएम का आयोजन करें ताकि सभी जिलों को तीन माह में एक बार और वर्ष में चार बार कवर किया जा सके। राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों को स्थानीय परिस्थितियों/त्यौहारों आदि के आधार पर जिला/स्थान और मेले के दिन को चुनने की छूट दी गई है। तदनुसार, मार्च महीने के लिए, पीएमएनएएम का आयोजन दिनांक 20.03.2023 को किया गया था। इसके साथ ही जून, 2022 से अब तक देश में 1,851 स्थानों पर पीएमएनएएम का आयोजन किया जा चुका है। संचयी रूप से, उम्मीदवारों की संख्या 2.89 लाख तक पहुंच गई है और पीएमएनएएम में भाग लेने वाले प्रतिष्ठानों की संख्या 15,661 है। पीएमएनएएम शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए एक सहायक मंच के रूप में भी कार्य करता है। प्रत्येक माह पीएमएनएएम के बाद, अगले 20 दिनों के लिए शिक्षुता अनुबंधों को ट्रैक किया गया और 3.52 लाख शिक्षुता करारों का सृजन किया गया; जिसमें पीएमएनएएम के बाहर उत्पन्न करार भी शामिल हो सकते हैं।

**6.1. शिक्षुता कार्यशाला:** शिक्षुता एजेंडे को आगे बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रमुख हितधारकों में मौजूदा शिक्षुता स्कीमों के बारे में पर्याप्त जागरूकता है, 250 शिक्षुता पक्षपोषण कार्यशालाओं की योजना बनाई गई है। मांग पक्ष और आपूर्ति पक्ष दोनों में शिक्षुता की ब्रांडिंग और संचार में सुधार लाने के उद्देश्य से, जिला स्तर पर शिक्षुता प्रशिक्षण की समग्र ब्रांडिंग में सुधार के लिए 19 राज्यों द्वारा 50 शिक्षुता जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं। देश के विभिन्न जिलों में योजित 250 कार्यशालाओं में से ऐसी कुल 112 कार्यशालाओं का आयोजन, 31 मार्च 2023 तक किया गया है। कार्यशाला में शिक्षण संस्थानों के छात्रों को जुटाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है।

**6.2 शिक्षुता प्रशिक्षण स्थिति** : मार्च, 2023 के दौरान प्रतिष्ठानों द्वारा सम्बद्ध नए शिक्षुओं की संख्या 57,438 है। इसके साथ चालू वित्त-वर्ष के दौरान 38,754 प्रतिष्ठानों में सम्बद्ध कुल प्रशिक्षुओं की संख्या 7,37,912 है।

**7. इस अवधि के दौरान अन्य कार्य-कलाप**

- नए संबद्धता आवेदनों को आमंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षण मीडिया संस्थान (निमी), चेन्नई द्वारा एक नया संबद्धता पोर्टल खोला गया है। निमी पोर्टल पर संबद्धता संबंधी शिकायत के लिए नया तंत्र विकसित किया गया है।

- एनएसटीआई की पुनर्कल्पना के अंतर्गत, सभी 5 प्रायोगिक एनएसटीआई (बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कानपुर, मुंबई के एनएसटीआई) के लिए आईएमसी उप-नियमों को अंतिम रूप दिया गया था और सोसायटी पंजीकरण प्रक्रियाधीन है।

- मार्च, 2023 के दौरान एनएसटीआई में जी20 शिखर सम्मेलन प्रदर्शनियां आयोजित की गईं।

• एमएसडीई के अंतर्गत आईटी प्रकोष्ठ ने सत्र 2023 से आईटीआई की ग्रेडिंग के लिए नई डेटा आधारित ग्रेडिंग पद्धति भी विकसित की है। तदनुसार, सत्र 2023 से आईटीआई के लिए ग्रेड स्कोर की गणना नई ग्रेड प्रणाली के माध्यम से की जा रही है।

• एनसीवीटीएमआईएस पर प्रशिक्षक और नियोजन डेटा प्राप्त करने के लिए संशोधित मॉड्यूल विकसित और कार्यान्वित किया गया। सभी राज्य सचिवों को पत्र भी लिखा गया है, उन्हें जल्द से जल्द पोर्टल पर अपेक्षित डेटा अपलोड करने के लिए जागरूक किया गया है।

• एमएसडीई के तहत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने एनएसटीआई/आईटीआई को एडब्ल्यूएस एजुकेट कोर्स और एडब्ल्यूएस एकेडमी कोर्स तक निर्बाध पहुंच प्रदान करने के लिए सीएसआर के अंतर्गत अमेज़ॅन वेब सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ सहयोग किया है जो एडब्ल्यूएस अकादमी कार्यक्रम के तहत पंजीकृत हैं।

• **शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस):** मार्च, 2023 तक, 9 क्षेत्रीय भाषाओं में 30 ट्रेडों के लिए प्रश्न बैंक तैयार किया गया। मार्च, 2023 तक, सीटीएस ट्रेडों के लिए 12 क्षेत्रीय भाषाओं में 161 शीर्षकों का अनुवाद पूर्ण किया गया।

• दिनांक 27.03.2023 से 28.03.2023 तक प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण ((टीओटी) रोजगार कौशल प्रशिक्षण संबंधी केंद्रीय कर्मचारी प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (सीएसटीएआरआई) में दो दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य एजेंडा सीएसटीएआरआई, क्वेस्ट एलायंस और टाटा स्ट्राइव के सहयोग से निमी द्वारा टीओटी रोजगार कौशल संबंधी 5-दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की सुविधा प्रदान करने के लिए एक विस्तृत योजना तैयार करना था।

• सीएसटीएआरआई कोलकाता में 14 मार्च 2023 को व्यापार समिति की बैठक बुलाकर सीटीएस पाठ्यक्रम के दूसरे वर्ष के लिए 60 घंटे का रोजगार कौशल पाठ्यक्रम विकसित किया।

• मार्च, 2023 में आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सुपर मास्टर प्रशिक्षकों के लिए टीओटी रोजगार कौशल संबंधी कार्यशाला, प्रशिक्षक अर्हता सुधार कार्यक्रम (टीसीआईपी), प्रशिक्षण संस्थान का व्यवस्था और प्रबंधन (ओएमटीआई) आदि शामिल हैं।

• एमएसडीई के तहत सभी कार्यालयों/संगठनों द्वारा देश भर में 8 मार्च 2023 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। डिजिटऑल विषय पर जेंडर-समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी जिसका उद्देश्य जेंडर संबधि मुद्दों को प्रकाश में लाने में प्रौद्योगिकी के महत्व पर बल देना है। इस उत्सव के भाग के रूप में, 288 जन शिक्षण संस्थानों (जेएसएस) द्वारा आयोजित कार्यकलापों में 40,363 से अधिक लाभार्थियों ने भाग लिया।

• जी20 और उत्कल दिवस- 2023 के बारे में जागरूकता के संबंध में 29 मार्च, 2023 को ओडिशा जन शिक्षण संस्थानों (जेएसएस) के साथ ऑनलाइन बैठकें आयोजित की गईं।

• आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अर्जन और ज्ञान जागरूकता (संकल्प) स्कीम के अंतर्गत मंत्रालय की पहल के भाग के रूप में अवसर परियोजना को 7 राज्यों में एसएचजी, ट्रांसजेंडर समुदाय, महिलाओं और अल्पसंख्यक समूह के 4500 उम्मीदवारों को कौशल और उद्यमशीलता विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लक्ष्य के साथ कार्यान्वित किया जा रहा है। कुल 3080 महिला उम्मीदवारों को ब्यूटी थेरेपिस्ट, हैंड एम्ब्रायडरी, सेल्फ एम्प्लॉयड टेलरिंग, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, मशरूम की खेती और ऑर्गेनिक ग्रोअर जैसे जॉब रोलों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें 251 महिलाओं ने अब तक प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। इसके अलावा, परियोजना के तहत, ट्रांसजेंडर समुदाय का पहला बैच 22 मार्च, 2023 को दिल्ली में शुरू किया गया है, जिसमें 60 ट्रांसजेंडरों को सिलाई और ब्यूटीशियन पाठ्यक्रमों में नामांकित किया गया है।

• मुंबई के विभिन्न समूहों में काम कर रहे 2,000 जरी वर्क कारीगरों के कौशल को बढ़ाने के लिए एक परियोजना को हस्तशिल्प और कालीन क्षेत्र कौशल परिषद (एचसीएसएससी) के साथ भागीदारी में कार्यान्वित किया जा रहा है। दिनांक 31.03.2023 तक, कुल 180 श्रमिकों को नामांकित किया गया है, 120 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है, 108 का मूल्यांकन किया गया है और 50 उम्मीदवारों को दो बैचों में प्रमाणित किया गया है।

• प्रशिक्षकों और आंकलनकर्ताओं के रूप में सेवानिवृत्त सैनिकों द्वारा सेवा के दौरान सीखे गए कौशल को मान्यता देने और प्रमाणित करने के लिए भारतीय सेना के पूर्व भारतीय सैनिक निदेशालय (डीआईएवी) के साथ भागीदारी में एक परियोजना कार्यान्वित की जा रही है। इस परियोजना का लक्ष्य 5,000 सेवानिवृत्ति के करीब सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों को शामिल करना है। दिनांक 31.03.2023 तक, 12 क्षेत्रों में 28 जॉब रोलों में 26 सेना प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण शुरू हो गया है। कुल 3352 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित और प्रमाणित किया गया है।

• नई दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) के साथ भागीदारी में एक कौशलोन्नयन कार्यक्रम को इसके अनुबंधित कर्मचारियों और कार्यों से सम्बद्ध अन्य कर्मचारियों को प्रमाणित/कौशलवर्धन के उद्देश्य से कार्यान्वित किया जा रहा है। दिनांक 31.03.2023 तक 26,709 उम्मीदवारों का का नामांकन पूर्ण हो चुका है, जिनमें से 26,424 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

• आजीविका संवर्धन हेतु कौशल अर्जन और ज्ञान जागरूकता ("संकल्प") के अंतर्गत मार्च, 2023 माह के दौरान कार्यान्वयन भागीदारों/एजेंसियों को कुल 34.23 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई थी।

• उपर्युक्त पहलों के अलावा, समय-समय पर आयोजित समीक्षा बैठकों के दौरान, अधिकारियों को कार्यालय के काम-काज में दक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए देश के कौशल इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने के लिए लगन से काम करने और अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की सलाह दी गई।

******